सीबीएसई/सीई/2021 दिनांक-13.12.2021

<u>परिपत्र</u>

11 दिसंबर, 2021 को आयोजित सीबीएसई कक्षा X फ़र्स्ट टर्म परीक्षा के अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के पेपर के एक सेट में एक गद्य (passage) बोर्ड के प्रश्न पत्र तैयार करने के संबंध में दिशा-निर्देशों के अनुसार नहीं है। इस पृष्ठभूमि में और हितधारकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, यह मामला विषय विशेषज्ञों की समिति को संदर्भित किया गया था। उनकी सिफ़ारिशों के अनुसार, जेएसके/1 प्रश्न पत्र शृंखला के गद्य सं. 1 और इससे संबंधित प्रश्नों को हटाने का निर्णय लिया गया है। सभी संबंधित छात्रों को इस गद्य के लिए पूर्ण अंक प्रदान किए जाएंगे।

एकरूपता और समानता सुनिश्चित करने के लिए, कक्षा X अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के प्रश्न पत्र के सभी सेटों के लिए गद्य सं. 1 के लिए भी छात्रों को पूर्ण अंक प्रदान किए जायेंगे।

भवदीय

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक